हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 11 जुलाई 2025 समय 1810

मुख्य समाचार :-

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विडिओ कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त हुए 51000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार कपास की खेती, बुनकरों और कृषि उद्योग से जुड़े मुद्दों को सुलझाने का उपाय करेगी।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने हिसार से उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारम्भ किया।

भारतीय राष्ट्रिय राजमार्ग प्राधिकरण ने वाहन पर बिना चिपके फास्टटैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज़ की।

हरियाणा में अध्यापक पात्रता परीक्षा अब 30 व 31 जुलाई को होगी।

***********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर नव-नियुक्त कर्मियों को भी संबंधित करेंगे। 16वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

***********************************************************************************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार कपास की खेती, पौधों में होने वाली बीमारियों, बुनकरों और कृषि उद्योग से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के उपाय करेगी।

कोयम्बटूर में आज आई सी ए आर अनुसंधान केंद्र में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सरकार कृषि से जुड़े हर पहलू को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि सरकार कपास की खेती में अनुसंधान को बढ़ावा देगी तथा इससे जुड़ी समस्याओं की पहचान करेगी।
श्री चौहान ने कहा कि कपास की खेती को छह घंटों में प्रभावित करने वाले कीटों को खत्म करने के लिए अनुसंधान के जरिए उपाय निकाला जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

****************************************************************************

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने आज हिसार से 'उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान' का शुभारंभ किया।यह राज्यव्यापी अभियान स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 22 जिला अस्पतालों, 50 उपमंडलीय अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से एक लाख चालीस हजार से अधिक चश्मों का वितरण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय नेत्रहीनता और नेत्र विकार कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष बजट का प्रावधान किया गया है।

हिसार के नागरिक अस्पताल को नई इमारत आबंटन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भवन का चुनाव कर लिया गया है।अन्य विभागों की जमीन खरीदने के बारे में बातचीत चल रही है।

एक प्रश्न के उत्तर में स्वस्थ्य मंत्री ने कहा –

उन्होंने कहा कि आज विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए भी बहुत सारे जागरूकता कार्यक्रम किए गए हैं।

****************************************************************************

कैथल के नागरिक अस्पताल में आज उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के शुभारंभ पर चश्मों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया –

उन्होंने कहा कि आंखे हमारे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने लोगों को आँखों के दान के लिए भी प्रेरित किया और कहा सभी को मृत्यु उपरांत अपनी आंखें दान करनी चाहिए। डॉ चावला ने कहा कि आंखों का दान महादान भी है। यदि एक व्यक्ति अपनी आंखें दान करता है तो वह आगे दो व्यक्तियों के जीवन को रोशन कर सकता है। नागरिक अस्पताल में आखों के इलाज की सुविधा की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में एक विशेष मशीन के माध्यम से बिना टांकें के आंखों का आप्रेशन किए जाते हैं और हर वर्ग के लिए यह मुफ़्त है।

***************************************************************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सुचारू टोल संचालन के लिए वाहन पर बिना चिपके फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने आज कहा कि ये फास्टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए एक चुनौती हैं। मंत्रालय ने कहा कि टोल संग्रह एजेंसियों और रियायत लेने वालों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल टोल संचालन को और अधिक कुशल बनाने में सहायता करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होगी।

*************************************************************************

सावन के पावन माह के पहले दिन बल्लभगढ़ से विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने “एक पेड़ मां के नाम” अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत फरीदाबाद वन विभाग द्वारा बल्लभगढ़ क्षेत्र में 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की शुरुआत शुक्रवार को 500 पौधों के साथ की गई। विधायक मूलचंद शर्मा ने त्रिवेणी (बड़, पीपल व नीम) का पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया और सभी लोगों से एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना भी बच्चे के पालन-पोषण जितना ही आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ वायु देता है। उन्होंने सावन माह की शुरुआत पर भगवान भोलेनाथ से सभी के कल्याण की कामना भी की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई पार्षदगण व स्थानीय निवासी मौजूद रहे। पार्षदों ने भी पौधे लगाते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। पार्षदों ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में खंड वन अधिकारी हेमराज सिंह, पार्षद किरणबाला, पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद सोनू वैष्णव सहित सेक्टर-64 के कई निवासी भी शामिल हुए। उधर कंदावाली के राजकीय विद्यालय में बच्चों द्वारा फलदार पौधों लगाए गए । शेयर यॉर स्पेयर प्लांट्स ग्रीन क्लब से मीनाक्षी शर्मा ने बताया कार्यक्रम का उद्देश पर्यावरण को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है

****************************************************************************

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 30 व 31 जुलाई, को होगा। हरियाणा अशिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर पवन कुमार व सचिव मुनीष नागपाल ने आज एक पत्रकार वार्ता एन यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा तीनों स्तरों -PRT, TGT, PGT पर दो दिन में आयोजित करवाई जाएगी।

परीक्षा की तिथि में हुए बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि सी ई टी परीक्षा के कारन यह बदलाव किया गया है। इस परीक्षा में प्रदेशभर में साढ़े 4 लाख से अधिक अभ्यर्थी 673 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। प्रवेश पत्र जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।